Need to provide compensation to farmers of border areas in Jammu Parliamentary Constituency - laid

श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत भारत पाक सीमा पर रह रहें किसानों की दयनीय दशा की ओर ले जाना चाहता हूँ। सीमावर्ती क्षेत्र के छम्ब सेक्टर पलांवाला में एक तो कांटेदार तार लगी है और अभी तक माइन बिछे हुए है। दुर्भाग्यवश तार के उस पार हमारे किसानों की कई एकड़ जमीनें भी है, जो बहुत ही उपजाऊ है। जिसमें धान, चावल आदि की खेती कर वे अपना जीवन निर्वाह करते थे। उनकी उपजाऊं जमीन तार के उस पार चले जाने से ना ही वो खेती कर पाते है और ना ही इन लोगों को कोई मुआवजा मिला है। मैं सरकार से विनती करना चाहता हूँ कि जिन किसानों को मुआवजा नहीं मिला है उनकी दयनीय दशा को देखते हुए एक सूची जम्मू कश्मीर सरकार से मंगवाई जाए ताकि उस जमीन का मुआवजा उन किसानों को यथाशीघ्र मिल सकें, जिससे वह अपनी जिन्दगी गुजर बसर ठीक प्रकार से कर सकें।